आइये जानें ...

वैक्सीन कैरियर का सही इस्तेमाल

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

1 *जमाने हेतु आइस पैक तैयार करना*

- आइस पैक को ऊपर दिये निशान तक पानी से भरें। प्रत्येक बार इस्तेमाल से पूर्व पानी के स्तर की जांच करें। पानी में नमक कदापि न मिलाएं।
- आइस पैक के स्टॉपर एवं कैप को कस कर बंद करें।
- जांच लें कि आइस पैक में से पानी निकल तो नहीं रहा।
- आइस पैक को कपड़े से पोंछ कर सुखा लें तथा इसके बाद ही डीप फ्रीज़र में जमाने के लिए रखें।

2 *जमे हुए आइस पैकों का अनुकूलन (कंडीशनिंग)*

- जमे आइस पैकों को फ्रीज़र से निकाल कर खुले में तब तक रखें जब तक उसके ऊपर पानी की बूंदें न दिखने लगें।
- सही अनूकूलन की जांच करने हेतु आइस पैक को हिला कर, पानी के हिलने की आवाज़ सुनें।

सही अनुकूलन किए बिना आइस पैकों का इस्तेमाल करने से जमने के प्रति संवेदनशील वैक्सीन (जैसे हेपेटाइटिस बी, डी.पी.टी. तथा टी.टी.) जम कर खराब हो सकती हैं।

3 *वैक्सीन कैरियर तैयार करना*

- चार अनुकूलित आइस पैकों को कैरियर की दीवारों से लगा कर रखें।
- सभी वैक्सीन तथा डाइल्यूएंट को एक प्लास्टिक की थैली में रखकर कैरियर के बीचोंबीच रखें।

4 *ध्यान रखें ...*

- कैरियर तथा वैक्सीन को सत्र दिवस पर ही एकत्र करें ।
- वैक्सीन कैरियर को पटकें अथवा उस पर बैठें नहीं।
- वैक्सीन कैरियर को धूप में न छोड़ें तथा छांव में रखें।
- वैक्सीन रखे जाने के पश्चात कैरियर के ढक्कन को खुला न छोड़ें।

USAID | INDIA
FROM THE AMERICAN PEOPLE

MCHIP Maternal and Child Health Integrated Program